(4) Laboratory thermometers have a range from 35 °C to 42 °C.

78. गलत कथन पहचानिए :

(1) किसी तरल में गति करते किसी पिण्ड पर घर्षण बल उसकी आकृति पर निर्भर करता है ।

(2) बाल बेयरिंग का उपयोग मशीन के भागों के बीच के घर्षण में वृद्धि करने के लिए किया जाता है ।

(3) पृथ्वी पर सम्पर्क में रखे दो पृष्ठों के बीच घर्षण कभी भी समाप्त नहीं किया जा सकता है ।

(4) लोटनिक घर्षण सर्पी घर्षण से कम होता है ।

79. **निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?**

**A. आयरन जिंक सल्फेट विलयन से जिंक को विस्थापित कर सकता है ।**

**B. जिंक कॉपर सल्फेट विलयन से कॉपर को विस्थापित कर सकता है ।**

**C. कॉपर आयरन सल्फेट विलयन से आयरन को विस्थापित कर सकता है ।**

(1) B और C

(2) केवल A

(3) केवल B

(4) A और B

80. **निम्नलिखित में से सही कथन पहचानिए :**

(1) प्रयोगशाला–थर्मामीटर का परिसर डॉक्टरी थर्मामीटर से अधिक होता है ।

(2) डॉक्टरी थर्मामीटर का उपयोग उबलते द्रवों का ताप मापने के लिए किया जा सकता है ।

(3) कमरे का ताप मापने के थर्मामीटर का परिसर 30 °C – 100 °C होता है ।

(4) प्रयोगशाला–थर्मामीटर का परिसर 35 °C – 42 °C होता है ।

81. Identify the incorrect statements.

(1) The calorific value of CNG is more than that of Diesel.

(2) The calorific value of Kerosene is more than that of Coal.

(3) The calorific value of coal is more than that of Wood.

(4) The calorific value of Biogas is more than that of LPG.

81. गलत कथन पहचानिए :

(1) CNG का कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) डीज़ल के कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) से अधिक है ।

(2) केरोसिन का कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) कोयले के कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) से अधिक है ।

(3) कोयले का कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) लकड़ी के कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) से अधिक है ।

(4) बायोगैस का कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) LPG के कैलोरीमान (ऊष्मीय मान) से अधिक है ।

**82. A bus travels at a speed of 50 km/h for 12 minutes & then at a speed of 40 km/h for the next 18 minutes. Total distance covered by the bus during this time is –**

(1) 28 km

(2) 20 km

(3) 22 km

(4) 24 km

**82. कोई बस अपनी यात्रा के पहले 12 मिनट 50 km/h की चाल से और अगले 18 मिनट 40 km/h की चाल से चलती है । इस समय की अवधि में बस कुल कितनी दूरी तय करती है ?**

(1) 28 km

(2) 20 km

(3) 22 km

(4) 24 km

83. Identify the incorrect statement from among the following :

(1) All periodic motions are circular motions.

(2) The motion of earth around its axis is periodic motion.

(3) The motion of light is rectilinear motion.

(4) The motion of plucked string of a sitar is oscillatory motion.

83. निम्नलिखित में से गलत कथन पहचानिए :

(1) सभी आवर्ती गतियाँ वर्तुल (वृत्ताकार) गतियाँ होती हैं ।

(2) पृथ्वी की अपने अक्ष पर गति आवर्ती गति है ।

(3) प्रकाश की गति सरल रेखीय गति है ।

(4) सितार के कर्षित तार की गति दोलन गति है ।

84. Which of the following statements is/are correct regarding image formation in plane minor ?

A. Image is erect.

B. Image is real.

C. Image is laterally inverted.

D. The image size is same that of object.

(1) A, B, D

(2) A, B, C

(3) A, C, D

(4) B, C, D

85. Which of the following is a NOT true w.r.t. the nature of Science ?

(1) Science is equivalent to a set of facts.

(2) Science is an interdisciplinary area of learning.

(3) Science is always tentative.

(4) Science promotes scepticism.

86. As per NCF 2005, good Science education should be the

(1) true to the classroom culture

(2) true to science teacher

(3) true to the child

(4) true to the environment of the school.

87. Which of the following validities of a good science education curriculum is satisfied by Activity and Experiment ?

(1) Process

(2) Cognitive

(3) Historical

(4) Environmental

84. समतल दर्पणों में बनने वाले प्रतिबिम्बों के संबंध में नीचे दिए गए कौन से कथन सत्य हैं ?

A. प्रतिबिम्ब सीधा बनता है ।

B. प्रतिबिम्ब वास्तविक होता है ।

C. प्रतिबिम्ब पार्श्व परिवर्तित होता है ।

D. प्रतिबिम्ब का साइज़ बिम्ब के साइज़ के बराबर होता है ।

(1) A, B, D

(2) A, B, C

(3) A, C, D

(4) B, C, D

85. निम्नलिखित में से क्या विज्ञान की प्रकृति के संदर्भ में सही नहीं है ?

(1) विज्ञान तथ्यों के समुच्चय के समतुल्य है ।

(2) विज्ञान सीखने का अंतःविषयक क्षेत्र है ।

(3) विज्ञान हमेशा अस्थायी है ।

(4) विज्ञान संदेहवाद को बढ़ावा देता है ।

86. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 के अनुसार 'अच्छी विज्ञान शिक्षा' होनी चाहिए –

(1) कक्षा–कक्ष संस्कृति के प्रति निष्ठ

(2) विज्ञान शिक्षक के प्रति निष्ठ

(3) बच्चे के प्रति निष्ठ

(4) विद्यालय के वातावरण के प्रति निष्ठ

87. एक अच्छी विज्ञान शिक्षा पाठ्यचर्या की निम्नलिखित में से कौन सी वैधता की संतुष्टि क्रियाकलाप और प्रयोग द्वारा होती है ?

(1) प्रक्रियात्मक

(2) संज्ञानात्मक

(3) ऐतिहासिक

(4) पर्यावरण संबंधी

88. Anu took her class VIII children to field trip. Which of the following could be the most appropriate objective/s for this activity ?

A. It encourages interaction among children.

B. It promotes process skills through concrete experiences.

C. It enhances observation skills among the children.

D. It breaks the monotony of class as well as of teacher.

(1) A and C only
(2) A, B and C
(3) B and C only
(4) A, C and D

89. Which of the following should NOT be an objective of science education at the upper primary level ?

(1) Emphasising the textbook definitions of concepts.
(2) Nurturing the natural curiosity of children.
(3) Inculcating the values of co-operation and concern for life.
(4) Cultivating scientific temper.

90. Which of the following can enhance critical thinking among children ?

(1) Demonstration of experiments by the teacher.
(2) Asking children to read science textbook in the class.
(3) Asking children to read the extended learning given at the end of the textbook.
(4) Asking children to discuss among themselves in groups followed by sharing in large group.

88. अनु कक्षा VIII के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए लेकर जाती है । इस क्रियाकलाप के लिए निम्नलिखित में से क्या सबसे अधिक उपयुक्त उद्देश्य हो सकता है ?

A. यह बच्चों के मध्य अंतःक्रिया को प्रेरित करता है ।

B. यह ठोस अनुभवों के द्वारा प्रक्रिया कौशलों को बढ़ावा देता है ।

C. यह बच्चों के अवलोकन कौशलों को बढ़ाता है ।

D. यह शिक्षक और कक्षा की एक लय को तोड़ता है ।

(1) केवल A और C
(2) A, B और C
(3) केवल B और C
(4) A, C और D

89. निम्नलिखित में से क्या उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए ?

(1) अवधारणाओं की पाठ्य-पुस्तकीय परिभाषाओं पर बल देना ।
(2) बच्चों की प्राकृतिक जिज्ञासा का पोषण करना ।
(3) जीवन के प्रति झुकाव और सहभागिता के मूल्यों का विकास करना ।
(4) वैज्ञानिक स्वभाव का विकास करना ।

90. निम्नलिखित में से क्या बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा दे सकता है ?

(1) शिक्षक के द्वारा प्रयोग का प्रदर्शन ।
(2) बच्चों से कक्षा में विज्ञान की पाठ्यपुस्तक को पढ़ने के लिए कहना ।
(3) बच्चों को पाठ्यपुस्तक के अंत में दिए गए अधिगम विस्तार को पढ़ने के लिए कहना ।
(4) बच्चों को समूह में आपस में चर्चा और इसके उपरांत बड़े समूह में साझा करने को कहना ।

| | |
|---|---|
| ***IMPORTANT : Candidates have to do Question Nos. 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*** | *महत्त्वपूर्ण : परीक्षार्थियों को प्रश्न संख्या 31 से 90 या तो भाग - II (गणित व विज्ञान) या भाग - III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।* |

## PART - III / भाग - III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.*

**31. How did the British consolidate their control over India after the Revolt of 1857 ?**

(1) By appeasement and safeguarding property rights.

(2) By transfer of powers of the East India company to the British crown for a more responsible management of Indian affairs.

(3) By recruiting more soldiers from Awadh, Bihar, Central India and South India.

(4) By making policies to protect the landless and peasants.

**32. Which of the following <u>NOT</u> a feature of Representative Democracy ?**

(1) Franchise rights to people.

(2) Representatives chosen through elections.

(3) Decision making in the hands of the representatives.

(4) Direct participation of people in decision making.

**33. Which particular region in India is known as the 'Little Tibet' ?**

(1) Himachal Pradesh

(2) Ladakh

(3) Arunachal Pradesh

(4) Sikkim

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए ।

**31. 1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने किस प्रकार भारत पर अपने नियंत्रण को समेकित किया ?**

(1) तुष्टिकरण तथा संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा करके ।

(2) ईस्ट इंडिया कंपनी के सारे अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के हाथ में सौंप कर ताकि भारतीय मामलों को ज्यादा बेहतर ढंग से सँभाला जा सके ।

(3) अवध, बिहार, मध्य भारत और दक्षिण भारत से ज्यादा सिपाहियों की भर्ती कर ।

(4) भूमिहीनों तथा किसानों की रक्षा के लिए नीतियाँ बनाकर ।

**32. निम्नलिखित में से क्या प्रतिनिधि लोकतंत्र की विशेषता <u>नहीं</u> हैं ?**

(1) जनता को मतदान का अधिकार

(2) मतदान द्वारा प्रतिनिधि का चुनाव

(3) प्रतिनिधियों के हाथ में निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया

(4) जनता की निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष सहभागिता

**33. भारत के किस क्षेत्र को 'छोटा तिब्बत' कहा गया है ?**

(1) हिमाचल प्रदेश

(2) लद्दाख

(3) अरुणाचल प्रदेश

(4) सिक्किम

34. **What is the appellate system in India ?**
(1) provision for appeal to a higher court against the decision of a lower court.
(2) provision for applying for judicial services.
(3) provision for appeal in the Parliament against a court order.
(4) provision for the Executive Head of the State acting as the highest appellate authority.

35. **Which of the following is NOT a feature of Peninsular Plateau ?**
(1) Rivers Mahanadi and Krishna are some of the west flowing rivers in the plateau.
(2) It lies to the South of Northern plains.
(3) Aravali Hills border it on the North-West side.
(4) It is rich in minerals like coal and iron-ore.

36. **Which of the following statements about Africa is correct ?**
(1) It is separated from Asia by Ural mountains on the west.
(2) A large part of Africa lies in the Southern Hemisphere.
(3) It is the only continent through which the Tropic of Cancer, Equator and Tropic of Capricorn pass.
(4) Gobi desert is located in this continent.

37. **The Southern parts of India particularly Tamil Nadu and Andhra Pradesh receive rainfall in Autumn because**
(1) winds move back from mainland to Arabian Sea.
(2) winds move back from the mainland to the Bay of Bengal.
(3) winds blow from Arabian Sea to Bay of Bengal.
(4) winds blow from Bay of Bengal to Arabian Sea.

34. **भारत में अपील प्रणाली या पौनर्वादिक प्रणाली किसे कहते हैं ?**
(1) निचली न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील का प्रावधान ।
(2) न्यायिक सेवा में आवेदन का प्रावधान ।
(3) न्यायालय के आदेश के खिलाफ संसद में अपील का प्रावधान ।
(4) राज्य कार्यपालिका प्रमुख का सर्वोच्च अपील प्राधिकारी के रूप में कार्यरत होने का प्रावधान ।

35. **निम्नलिखित में से कौन सा प्रायद्वीपीय पठार का लक्षण नहीं है ?**
(1) इस पठार पर पश्चिम की ओर बहने वाली महानदी और कृष्णा नदियाँ मौजूद हैं ।
(2) यह उत्तरी मैदानों के दक्षिण में स्थित है ।
(3) इसके उत्तर-पश्चिम में अरावली श्रृंखला स्थित है ।
(4) यहाँ कोयला एवं लौह अयस्क जैसे खनिजों की प्रचुरता है ।

36. **निम्नलिखित में से कौन सा कथन अफ्रीका के बारे में सही है ?**
(1) इसके पश्चिम में यूराल पर्वत है जो इसे एशिया से अलग करता है ।
(2) अफ्रीका का बहुत बड़ा भाग दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है ।
(3) यही एक ऐसा महाद्वीप है जिससे होकर कर्क, विषुवत् तथा मकर, रेखाएँ गुज़रती हैं ।
(4) गोबी मरुस्थल इस महाद्वीप में स्थित है ।

37. **भारत के दक्षिणी भागों विशेषकर तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश में शरद् ऋतु में वर्षा होती है, क्योंकि**
(1) पवन स्थल भागों से लौटकर अरब सागर की ओर बहती है ।
(2) पवन स्थल भागों से लौटकर बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है ।
(3) पवन अरब सागर से बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है ।
(4) पवन बंगाल की खाड़ी से अरब सागर की तरफ बहती है ।

38. Which of the following are block mountains ?
(1) Vosges
(2) Himalayas
(3) Appalachians
(4) Ural

39. Statement (A) : Only one side of the moon is visible to us on Earth.
Statement (B) : The moon moves around the Earth in about 27 days and takes exactly the same time to complete 1 spin.
Select the correct option from the given alternatives.
(1) (A) is false, but (B) is true.
(2) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A).
(3) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A).
(4) (A) is true, but (B) is false.

40. Consider the statements A, B, C on metamorphic rocks and choose the correct answer :
A. When igneous and sedimentary rocks are subjected to heat and pressure they change to metamorphic rocks.
B. Metamorphic rocks melt to form molten magma when subjected to great heat and pressure.
C. Marble is a metamorphic rock.
(1) A and C are correct and B is incorrect.
(2) B and C are correct and A is incorrect.
(3) A and B are correct and C is incorrect.
(4) A, B, C all are correct.

41. On entering which layer of the atmosphere from space do the meteorites burn up ?
(1) Stratosphere
(2) Mesosphere
(3) Thermosphere
(4) Exosphere

38. निम्नलिखित में से कौन भ्रंशोत्थ पर्वत है ?
(1) वॉसजेस पर्वत
(2) हिमालय पर्वत
(3) अप्लेशियन पर्वत
(4) यूराल पर्वत

39. कथन (A) : पृथ्वी से हमें चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है ।
कथन (B) : चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर लगभग 27 दिनों में पूरा करता है और लगभग इतने ही समय में वह अपने अक्ष पर एक चक्कर भी पूरा करता है ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) (A) गलत है, परन्तु (B) सही है ।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या है (A) की ।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं परन्तु (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की ।
(4) (A) सही है, परन्तु (B) गलत है ।

40. कायांतरित शैल के बारे में दिए गए A, B और C कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :
A. आग्नेय और अवसादी शैल उच्च ताप और दाब के प्रभाव में कायांतरित शैलों में परिवर्तित हो जाती है ।
B. कायांतरित शैल उच्च ताप और दाब के प्रभाव में पिघलकर द्रवित मैग्मा बनाते हैं ।
C. संगमरमर एक कायांतरित शैल है ।
(1) A एवं C सही हैं और B गलत है ।
(2) B एवं C सही हैं और A गलत है ।
(3) A एवं B सही हैं और C गलत है ।
(4) A, B और C तीनों सही हैं ।

41. अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्कापिंड वायुमंडल के किस परत में आने पर जल जाते हैं ?
(1) समतापमंडल
(2) मध्यमंडल
(3) बाह्य वायुमंडल
(4) बहिर्मंडल

42. Transhumance is related to
(1) Places where settlements develops
(2) Movement of people
(3) Closely built area of houses
(4) Artificial enclosures for keeping small house plants.

43. Consider the statements A and B on permanent winds and choose the correct option :
A. These winds blow constantly throughout the year in a particular direction.
B. Westerlies and Easterlies are examples of these winds.
(1) Both A and B are false.
(2) A is true, B is false.
(3) A is false, B is true.
(4) Both A and B are true.

44. Campos in Brazil and Llanos in Venezuela are examples of
(1) Mediterranean vegetation
(2) Temperate grasslands
(3) Tundra type of vegetation
(4) Tropical grasslands

45. Consider the Statements A and B about 'climate' and choose the correct answer.
A. Climate refers to the day to day changes in the atmosphere.
B. Climate of a place is affected only by its altitude and relief.
(1) Both A and B are false.
(2) A is true, B is false.
(3) A is false, B is true.
(4) Both A and B are true.

46. Identify the source of energy from the given features A and B :
A. It is a conventional source of energy.
B. This source of energy is released when crude oil is brought to surface.
(1) Wax
(2) Biogas
(3) Natural gas
(4) Geo-thermal energy

42. ऋतु प्रवास जुड़ा हुआ है
(1) ऐसे स्थान जहाँ बस्तियाँ विकसित होती हैं।
(2) लोगों के आवागमन से
(3) घरों की पास-पास बसावट से
(4) एक छोटे; घर के पौधे रखने का कृत्रिम अहाता से

43. स्थायी पवनों के संबंध में कथन A और B पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
A. ये पवनें वर्षभर लगातार निश्चित दिशा में चलती रहती हैं।
B. पश्चिम एवं पूर्वी पवनें इनके उदाहरण हैं।
(1) A और B दोनों गलत हैं।
(2) A सही है, B गलत है।
(3) A गलत है, B सही है।
(4) A और B दोनों सही हैं।

44. ब्राजील के कंपोस और वेनेजुएला के लानोस उदाहरण हैं
(1) भूमध्य सागरीय वनस्पति के
(2) शीतोष्ण कटिबंधीय घास स्थल के
(3) टुंड्रा प्रकार की वनस्पति के
(4) उष्ण कटिबंधीय घास स्थल के

45. 'जलवायु' के संबंध में कथन A और B पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
A. जलवायु वायुमंडल में दिन-प्रतिदिन होने वाला परिवर्तन है।
B. किसी स्थान की जलवायु सिर्फ उसकी ऊँचाई तथा उच्चावच पर निर्भर करती है।
(1) A और B दोनों गलत हैं।
(2) A सही है, B गलत है।
(3) A गलत है, B सही है।
(4) A और B दोनों सही हैं।

46. दिये गए लक्षणों A और B के आधार पर ऊर्जा-स्रोत की पहचान करें :
A. यह एक परंपरागत ऊर्जा का स्रोत है।
B. यह ऊर्जा-स्रोत तब निर्मुक्त होती है जब अपरिष्कृत तेल को धरातल पर लाया जाता है।
(1) मोम
(2) बायोगैस
(3) प्राकृतिक गैस
(4) भूतापीय ऊर्जा

47. India's research station 'Maitri' is located in
(1) Asia
(2) Australia
(3) Antarctica
(4) Europe

48. Which of the following is <u>not true</u> for minerals ?
(1) All minerals are non-metallic.
(2) They are naturally occuring substances.
(3) They have a definite chemical composition.
(4) They are formed in different types of geological environments.

49. Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Narmada Valley | i. | Early republic |
| b. | Vajji | ii. | Hunting and gathering |
| c. | Garo Hills | iii. | Cities about 2500 years ago |
| d. | Ganga Valley | iv. | The first cities |
| e. | Indus and its tributaries | v. | Early agriculture |

| | a | b | c | d | e |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | v | iv | iii | ii | i |
| (2) | i | ii | iii | iv | v |
| (3) | v | i | ii | iv | iii |
| (4) | ii | i | v | iii | iv |

50. Below are two statements (A) and (B) in the context of contemporary debates on 'dates and periods' of Indian history.
Statement (A) : A Periodisation like 'Hindu – Muslim – British' is appropriate as the religion of the rulers has been the only important historical change.
Statement (B) : It is problematic to assign precise dates and time spans to 'historical processes' that happened over a period of time.
(1) (A) is wrong, but (B) is right.
(2) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A).
(3) Both (A) and (B) are correct, but (B) is not the correct interpretation of (A).
(4) (A) is correct, but (B) is wrong.

47. भारत का शोध संस्थान "मैत्री" कहाँ अवस्थित है
(1) एशिया
(2) ऑस्ट्रेलिया
(3) अंटार्कटिका
(4) यूरोप

48. निम्नलिखित में से कौन सा कथन खनिज के संदर्भ में <u>सही नहीं</u> है ?
(1) सभी खनिज अधात्विक होते हैं।
(2) ये प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाले पदार्थ हैं।
(3) इनका एक निश्चित रासायनिक संघटन होता है।
(4) ये विभिन्न प्रकार के भू वैज्ञानिक परिवेश में निर्मित होते हैं।

49. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | नर्मदा घाटी | i. | आरंभिक गणतंत्र |
| b. | वज्जी | ii. | आखेट और संग्रहण |
| c. | गारो पहाड़ियाँ | iii. | लगभग 2500 वर्ष पूर्व के शहर |
| d. | गंगा घाटी | iv. | प्रथम नगर |
| e. | सिंधु और उसकी सहायक नदियाँ | v. | आरंभिक कृषि |

| | a | b | c | d | e |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | v | iv | iii | ii | i |
| (2) | i | ii | iii | iv | v |
| (3) | v | i | ii | iv | iii |
| (4) | ii | i | v | iii | iv |

50. नीचे दो कथन (A) और (B) भारतीय इतिहास के 'तिथियों और काल' के समसामयिक वाद-विवादों के संदर्भ में दिए गए हैं :
कथन (A) : 'हिन्दु-मुस्लिम-ब्रिटिश' जैसी कालावधि उपयुक्त है, क्योंकि शासकों का धर्म ही एकमात्र महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन रहा है।
कथन (B) : लम्बी समयावधि में घटित होने वाली 'ऐतिहासिक प्रक्रियाओं' को निश्चित तिथियों और काल विभाजनों के अंतर्गत लाना समस्यात्मक है।
(1) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है।
(4) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है।

51. Below are the two statements in the context of new popular Indian art in the nineteenth century.

Statement (A) : Many painting mocked at the changes they saw around, ridiculing the new tastes of those who spoke in English and warned against women moving out of their homes.

Statement (B) : Images were used to express nationalist ideas and inspire people against British rule.

(1) (A) is wrong, but (B) is right.

(2) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A).

(3) Both (A) and (B) are correct, but (B) is not the correct interpretation of (A).

(4) (A) is correct, but (B) is wrong.

52. Which of the following may be considered as a primary source for understanding early humans in India ?

(1) Rock paintings of Madhya Pradesh

(2) Kangra style painting

(3) Girnar rock inscription

(4) Padshahnama painting

53. Children in pre-British times were taught

(1) For assessment through an annual exam.

(2) In state institutions.

(3) By payment of a fixed fee.

(4) Throughout the year except harvest time when they worked in the fields.

51. नीचे दो कथन उन्नीसवीं शताब्दी में नई लोकप्रिय भारतीय कला के संदर्भ में है ।

कथन (A) : कई चित्रों में अपने आस पास के बदलावों का उपहास किया गया, अंग्रेजी भाषी लोगों के नए शौकों का मज़ाक तथा औरतों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई ।

कथन (B) : राष्ट्रवादी विचारों को अभिव्यक्त करने और लोगों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ उद्वेलित करने के लिए छवियों का इस्तेमाल किया जाता था ।

(1) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है ।

(2) (A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है ।

(3) (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है ।

(4) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है ।

52. भारत में आरंभिक मानवों पर समझ के लिए निम्नलिखित में से किसे एक प्राथमिक स्रोत माना जा सकता है ?

(1) मध्यप्रदेश की शैल चित्रकला

(2) कांगड़ा शैली की चित्रकला

(3) गिरनार का शैल अभिलेख

(4) पादशाहनामा चित्रकला

53. ब्रिटिश काल से पहले बच्चों को पढ़ाया जाता था

(1) वार्षिक परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन के लिए ।

(2) सरकारी संस्थानों में ।

(3) एक निश्चित फीस लेकर ।

(4) साल भर, फसल की कटाई के समय छोड़कर, जब वे खेतों में काम करते थे ।

54. Below are two statements (A) and (B) in the context of emergence of nation states in Europe in 18-19th centuries.

Statement (A) : Till the eighteenth century, people in Europe saw themselves as nation states.

Statement (B) : A consciousness was created in the early nineteenth century among the people that each linguistic community was a separate nation.

(1) (A) is wrong, but (B) is correct.
(2) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A).
(3) Both (A) and (B) are correct but (B) is not the correct interpretation of (A).
(4) (A) is correct, but (B) is wrong.

55. BCE stands for
(1) Before Contemporary Era
(2) Before Christian Era
(3) Before Common Era
(4) Before Caesar Era

56. How do we know today that ostriches were found in India during the Palaeolithic period ?
(1) These are described in the memories of foreign travellers.
(2) We have vivid description of these birds in the writings of that time.
(3) Large quantities of ostrich egg shells were found at Patne in Maharasthra.
(4) We have archived oral memories on ostriches in Delhi's National Museum.

57. How did the Harappan civilization come to an end ?
A. It appears as if the rulers lost control.
B. There could have been deforestation in the area.
C. There were floods in the entire area of the civilization.
D. The rivers dried up probably.

Choose the correct explanation.
(1) B, C, D
(2) A, B, C
(3) A, B, D
(4) A, C, D

54. नीचे दो कथन (A) और (B) 18-19 वीं शताब्दियों में यूरोप में राष्ट्र राज्यों के उदय संदर्भ में है ।

कथन (A) : अठारहवीं शताब्दी तक यूरोप के लोग स्वयं को राष्ट्र-राज्य के रूप में देखते थे ।

कथन (B) : प्रारंभिक उन्नीसवीं शताब्दी में लोगों को यह बोध कराया गया कि प्रत्येक भाषी समुदाय एक अलग राष्ट्र था ।

(1) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है ।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है ।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है ।
(4) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है ।

55. बी.सी.ई. का तात्पर्य है
(1) बिफ़ोर कॅन्टिंपररी एरा
(2) बिफ़ोर क्रिश्चन एरा
(3) बिफ़ोर कॉमन एरा
(4) बिफ़ोर सीज़र एरा

56. हम यह आज कैसे जानते हैं कि पुरापाषाण युग में भारत में शुतुरमुर्ग होते थे. ?
(1) विदेशी यात्रियों के वृतान्तों में इनका वर्णन है ।
(2) उस समय की कृतियों में इन पक्षियों का विविध लेख हमें मिलता है ।
(3) महाराष्ट्र के पटने पुरास्थल से शुतुरमुर्ग के अंडों के अवशेष मिलें हैं ।
(4) शतुरमुर्गों पर मौखिक स्मृतियाँ हमारे पास दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में अभिलेखित हैं ।

57. हड़प्पा सभ्यता का पतन कैसे हुआ ?
A. ऐसा लगता है कि शासकों का नियंत्रण समाप्त हो गया ।
B. जंगलों का विनाश हो गया होगा ।
C. सभ्यता के पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ गई ।
D. संभवत: नदियाँ सूख गई थीं ।

सही व्याख्या का चयन करें :
(1) B, C, D
(2) A, B, C
(3) A, B, D
(4) A, C, D

58. Under the Mahayana Buddhism

(1) Mathura and Taxila declined as centres of sculpture.

(2) Buddha's presence was shown in sculpture by using certain signs.

(3) Statues of Buddha were made.

(4) Bodhisattvas were not accepted as they were yet to attain enlightenment.

59. What is true in the context of administration and consolidation under the Khaljis and Tughlaqs ?

(1) Alauddin Khalji and Muhammad Tughlaq forced their control in the gangetic plains for a longer duration.

(2) Large parts of the subcontinent remained under the control of the Delhi Sultans.

(3) The forested areas in the gangetic plain were penetrated for the first time.

(4) It was difficult to control distant provinces like Bengal from Delhi.

60. Which of the following statements is <u>incorrect</u> in the historical reconstruction of tribal people ?

(1) Tribal societies depended on each other for their diverse needs.

(2) Contemporary historians and travellers give scanty information about tribes.

(3) Most tribal groups kept written records.

(4) Tribal people preserved rich customs and oral traditions.

58. महायान बौद्ध धर्म के अंतर्गत :

(1) मूर्तिकला के केन्द्रों के रूप में मथुरा एवं तक्षशिला का पतन हुआ ।

(2) मूर्तियों में बुद्ध की उपस्थिति सिर्फ कुछ संकेतों के माध्यम से दर्शाई जाती थी ।

(3) बुद्ध की प्रतिमाएँ बनाई जाने लगीं ।

(4) बोधिसत्वों को नहीं स्वीकारा गया क्योंकि उन्हें अभी भी ज्ञान प्राप्ति करना बाकी था ।

59. ख़लजी और तुग़लक वंश के अंतर्गत प्रशासन और समेकन के संदर्भ में सही क्या है ?

(1) अलाउद्दीन ख़लजी और मुहम्मद तुग़लक़ गंगा के मैदानी इलाकों पर ज़ोर जबरदस्ती अपना अधिकार लंबे समय तक रख पाए ।

(2) उपमहाद्वीप का काफ़ी बड़ा हिस्सा दिल्ली के सुलतानों के अधिकार में रहा ।

(3) गंगा के मैदानी इलाके के घने जंगलों वाले क्षेत्र को पहली बार पैठा गया ।

(4) दिल्ली से बंगाल जैसे सुदूर प्रांतों का नियंत्रण कठिन था ।

60. जनजातीय लोगों के इतिहास के पुनर्निर्माण में निम्न में से कौन कथन <u>गलत</u> है ?

(1) जनजातीय समाज अपनी विविध किस्म की ज़रूरतों के लिए एक-दूसरे पर निर्भर रहा ।

(2) समकालीन इतिहासकार और मुसाफ़िरों ने जनजातियों के बारे में बहुत कम जानकारी दी है ।

(3) अधिकांश जनजातीय समूहों ने लिखित दस्तावेज़ रखा है ।

(4) जनजातीय लोगों ने समृद्ध रीति-रिवाजों और मौखिक परंपराओं का संरक्षण किया है ।

61. The following is not an example of gender stereotyping :
(1) Boys and girls are made to sit in separate rows for ensuring discipline in class.
(2) Only boys being encouraged to participate in the football tournament.
(3) Only the girls in class are asked to decorate the class boards.
(4) While boys try to monopolise the class discussions, attention is given to both girls and boys to encourage participation.

62. **Effective teaching of social science would require :**
**A.** **Perpetuating all cultural practices of the past.**
**B.** **Critical analysis of literary texts, howsoever old they may be.**
**C.** **Discarding all sources which are non-textual.**
**D.** **Giving primacy to triangulation of sources.**
**Choose the correct option.**
(1) C and D only
(2) A and C only
(3) B and C only
(4) B and D only

63. **Sensitivity on 'social justice' in a classroom can be encouraged by :**
**A.** **Incorporating contemporary excerpts from people's struggles and stories of advocacy during classroom discussions.**
**B.** **Keeping the understanding of the historical context of the Indian social milieu in the context of unequal power equations.**
**C.** **Engaging in classroom discussions on the constitutional provisions on social justice.**
**D.** **Prompt corporal punishment on the defaulting children.**
**Choose the correct option.**
(1) C and D
(2) A and B
(3) A, B and C
(4) B, C and D

61. निम्नलिखित में से जेंडर रूढ़िवादिता का उदाहरण नहीं है :
(1) कक्षा में अनुशासन बनाये रखने के लड़कों एवं लड़कियों को अलग अलग पंक्तियों में बिठाना ।
(2) सिर्फ लड़कों को फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।
(3) सिर्फ लड़कियों को कक्षा का बोर्ड सजाने के लिए कहा जाता है ।
(4) हालांकि लड़के कक्षागत चर्चा में दबदबा बनाने का प्रयास करते हैं लेकिन लड़कियों एवं लड़कों, दोनों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाता है ।

62. **सामाजिक विज्ञान शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक होगा :**
**A.** **अतीत के सभी सांस्कृतिक प्रथाओं को बनाए रखना ।**
**B.** **साहित्यिक स्रोतों का समालोचनात्मक विश्लेषण करना चाहे वो कितनी भी पुरानी हो ।**
**C.** **सभी गैर-शाब्दिक स्रोतों का निष्कासन करना ।**
**D.** **स्रोतों के ट्राई-एन्ग्यूलेशन (त्रिकोणीयन) को प्रमुखता देना ।**
**सही विकल्प का चयन करें :**
(1) केवल C तथा D (2) केवल A तथा C
(3) केवल B तथा C (4) केवल B तथा D

63. **कक्षा में 'सामाजिक न्याय' के प्रति संवेदनशीलता को प्रोत्साहित किया जा सकता है :**
**A.** **कक्षा में विचार-विमर्श के दौरान समकालीन जन आंदोलनों और पक्षसमर्थन की कहानियों के अंशों को शामिल करके ।**
**B.** **भारतीय सामाजिक परिवेश के ऐतिहासिक सन्दर्भों को एक गैर-बराबर शक्ति समीकरण के रूप में देख कर ।**
**C.** **सामाजिक न्याय पर आधारित संवैधानिक प्रावधानों को कक्षा चर्चाओं में शामिल करके ।**
**D.** **कक्षा के दोषी बच्चों को तुरंत शारीरिक दंड देकर ।**
**सही विकल्प का चयन करें :**
(1) C और D (2) A और B
(3) A, B और C (4) B, C और D

64. Pedagogy of history would try to :
A. Construct history on the basis of sources.
B. Trace continuity and change in the social processes in history.
C. History engage with differences in interpretations and accept the dominant community's views
D. History view events by situating them within socio-political contexts of a particular period.

Choose the correct option.
(1) B, C, D only
(2) A, B, C only
(3) A, B, D only
(4) A, C, D only

65. The right to pollution free air has been recognized as part of which particular Fundamental Right in India ?
(1) Freedom
(2) Equality
(3) Life
(4) Justice

66. Who coined the phrase 'Unity in Diversity' to describe India ?
(1) Rajendra Prasad
(2) Jawaharlal Nehru
(3) B.R. Ambedkar
(4) M.K. Gandhi

67. How many members in Lok Sabha are nominated and not elected ?
(1) 0 (none)
(2) 4 (four)
(3) 1 (one)
(4) 2 (two)

64. इतिहास शिक्षणशास्त्र प्रयास करेगा कि :
A. इतिहास का निर्माण स्रोतों पर आधारित होता है ।
B. इतिहास सामाजिक प्रक्रियाओं में निरंतरता और बदलाव को खोजे ।
C. इतिहास व्याख्यानों के विभेदों से संलग्न हो तथा प्रमुख समुदाय के विचारों को अनुमोदित करें ।
D. इतिहास घटनाओं को एक काल विशेष के सामाजिक राजनीतिक संदर्भों में रख कर देखे ।

सही विकल्प का चयन करें :
(1) केवल B, C तथा D
(2) केवल A, B तथा C
(3) केवल A, B तथा D
(4) केवल A, C तथा D

65. प्रदूषण रहित हवा का अधिकार, भारत में किस मौलिक अधिकार के भाग के रूप में स्वीकारा गया है ?
(1) आज़ादी
(2) समानता
(3) जीवन
(4) न्याय

66. भारत का वर्णन करने के लिए 'विविधता में एकता' मुहावरे का निर्माण किसने किया था ?
(1) राजेन्द्र प्रसाद
(2) जवाहरलाल नेहरू
(3) बी.आर. अम्बेडकर
(4) एम.के. गांधी

67. लोक सभा में कितने सदस्य मनोनीत होते हैं ना की मतदान द्वारा चुन कर आते हैं ?
(1) 0 (कोई भी नहीं)
(2) 4 (चार)
(3) 1 (एक)
(4) 2 (दो)

68. In 2006, the form of government in Nepal changed from Monarchy to ________.

(1) Oligarchy
(2) Autocracy
(3) Tyranny
(4) Democracy

69. What is known as the Costa Rican approach in the area of public health ?

(1) spending on the health of the armymen.
(2) equal spending on health and defence.
(3) defence budget to be more than health budget.
(4) not having an army to maintain to be able to spend more on public health.

70. In 1997, the Supreme Court in India formulated the Vishakha guidelines to protect women from sexual harassment ________.

(1) on streets
(2) in vehicles
(3) at work places
(4) in marital relationship

71. Who amongst the following appoints the governor of a state in India ?

(1) Attorney General
(2) Members of the Legislative Assembly
(3) Members of the Parliament
(4) Central Government

72. Who among the following is <u>not</u> a rural administration officer ?

(1) Lekhpal
(2) Patwari
(3) Municipal ward councillor
(4) Land record officer

68. 2006 में नेपाल में सरकार का रूप राजतंत्र से बदल कर ______ हो गया।

(1) अल्पतंत्र
(2) एकतंत्र
(3) तानाशाही
(4) लोकतंत्र

69. जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोस्टा रीका उपागम किसे कहा गया है ?

(1) सेना के जवानों के स्वास्थ्य पर खर्चा करना।
(2) स्वास्थ्य और सुरक्षा पर एक समान खर्च करना।
(3) सुरक्षा बजट पर स्वास्थ्य बजट से ज्यादा खर्च करना।
(4) सैन्य बल ना रखना ताकि जन स्वास्थ्य पर ज्यादा खर्च किया जा सके।

70. 1997 में भारतीय उच्चतम न्यायालय ने विशाखा निर्देश की रचना महिलाओं को ______ यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए की।

(1) सड़कों पर
(2) गाड़ियों में
(3) कार्यस्थलों पर
(4) वैवाहिक संबंधों में

71. निम्नलिखित में से कौन, भारत में एक राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति करते हैं ?

(1) अटार्नी जनरल
(2) विधानसभा के सदस्य
(3) संसद के सदस्य
(4) केन्द्र सरकार

72. निम्नलिखित में से कौन ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी <u>नहीं</u> है ?

(1) लेखपाल
(2) पटवारी
(3) नगर निगम वार्ड काउंसिलर
(4) भूमि रिकार्ड अधिकारी

73. What are the D.K. Basu guidelines which were laid down by the Supreme Court of India ?
(1) guidelines related to the procedures to be followed by police for arrest, detention and interrogation.
(2) guidelines related to prevention of sexual harassment at workplace.
(3) guidelines related to protection of children from hazardous employment.
(4) guidelines related to protection of women from domestic violence.

74. The Forest Rights Act, 2006 in its title recognizes the rights of which category ?
(1) Most Backward Classes
(2) Scheduled Tribes
(3) Scheduled Castes
(4) Economically Backward Classes

75. An example of secondary source is
(1) Our Pasts (I) – NCERT textbook in history for class 6
(2) The Constitution of India
(3) Census Report, 2011
(4) Record of Registration of Births and Deaths.

76. Consider the two statements below :
**A. Examinations are artificial situations created for the convenience of the system and not for the individual learner.**
**B. A shift in emphasis on testing competencies and away from memory would reduce stress in social science classrooms.**
(1) Statement B is true but statement A is false.
(2) Only statement A is true.
(3) Both statements A and B are true.
(4) Statement A is true but statement B is false.

73. भारतीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये डी.के.बासू निर्देश क्या हैं ?
(1) गिरफ्तारी, नज़रबन्दी और पूछ-ताछ के दौरान पुलिस द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं से जुड़े निर्देश ।
(2) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए निर्देश ।
(3) बच्चों के हानिकारक रोज़गारों से बचाव के लिए निर्देश ।
(4) घरेलू हिंसा से महिलाओं के बचाव के लिए निर्देश ।

74. वन अधिकार कानून-2006 अपने शीर्षक में कौन सी श्रेणी के अधिकारों को स्वीकारता है ?
(1) अति पिछड़ी जातियाँ
(2) अनुसूचित जनजातियाँ
(3) अनुसूचित जातियाँ
(4) आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग

75. द्वितीयक स्रोत का एक उदाहरण है
(1) हमारे अतीत-(I) – कक्षा 6 के लिए एन.सी.ई.आर.टी. की इतिहास की पाठ्यपुस्तक
(2) भारत का संविधान
(3) जनगणना रिपोर्ट, 2011
(4) जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण रिकार्ड

76. नीचे दिए दो कथनों पर विचार कीजिए :
**A. परीक्षाएँ, तंत्र की सुविधा के लिए निर्मित कृत्रिम परिस्थितियाँ हैं, न कि व्यक्तिगत शिक्षार्थी के लिए ।**
**B. स्मृति परीक्षण से दूर दक्षताओं के परीक्षण पर ज़ोर के रूप में बदलाव सामाजिक विज्ञान की कक्षाओं में तनाव को कम करेगा ।**
(1) कथन B सही है, किन्तु कथन A गलत है ।
(2) केवल कथन A सही है ।
(3) दोनों कथन A एवं B सही हैं ।
(4) कथन A सही है, किन्तु कथन B गलत है ।

**77. The main aim of a social science teacher should be**

(1) to prepare learners in maintaining the status quo in the society and accept all decisions of the government.

(2) to develop competition among students.

(3) to develop an awareness of connections between all elements that shape society.

(4) to make learners memorize the socio-historical facts.

**78. The primary purpose of assessment in social science is**

(1) To give learners feedback and setting standards for them to strive towards.

(2) To recall textbook knowledge and reduce exam stress for all learners.

(3) Categorising and labelling learners.

(4) To highlight social differences amongst the learners.

**79. Films can be used as an effective pedagogic tool in the social science classrooms because**

**A.** **films can bring the world into the classroom.**

**B.** **films inspire us with the power of discovering the unseen and the unheard contexts.**

**C.** **films bring stories, voices and images that in life may be far removed from us.**

**D.** **films are objective medium which can encourage learners to frame their views in a singular manner.**

**Choose the correct option.**

(1) B, C, D

(2) A, B, C

(3) A, B, D

(4) A, C, D

**77. सामाजिक विज्ञान के अध्यापक/अध्यापिका का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए :**

(1) समाज में यथास्थिति बनाए रखने तथा सरकार के सभी निर्णयों को स्वीकार करने के लिए शिक्षार्थियों को तैयार कराना ।

(2) शिक्षार्थियों में प्रतिस्पर्धा जागृत करना ।

(3) सभी तत्त्व जो समाज का निर्माण करते हैं, उनके बीच के संबंधों का बोध कराना ।

(4) शिक्षार्थियों को सामाजिक-ऐतिहासिक तथ्य याद करवाना ।

**78. सामाजिक विज्ञान में आकलन का मुख्य उद्देश्य है**

(1) शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि देना तथा मानक स्थापित करना जिनको पाने के लिए वे प्रयासरत रहें ।

(2) पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान को याद करने की क्षमताओं का परीक्षण तथा सभी शिक्षार्थियों के लिए परीक्षा के तनाव को कम करना ।

(3) शिक्षार्थियों को वर्गीकृत करने एवं चिह्नित करने के लिए ।

(4) शिक्षार्थियों के बीच सामाजिक विभेदों को दर्शाने के लिए ।

**79. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में फिल्मों को एक प्रभावी शैक्षणिक उपकरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है क्योंकि :**

**A.** **फिल्में कक्षा के भीतर बाहरी दुनिया को ला सकती हैं ।**

**B.** **फिल्में अनदेखे और अनसुने संदर्भों को खोजने की शक्ति से प्रेरित करते हैं ।**

**C.** **फिल्में ऐसी कहानियों, संवादों और छवियों को सामने लाती हैं जो जीवन में हमसे दूर हो सकती हैं ।**

**D.** **फिल्में एक वस्तुनिष्ठ माध्यम हैं जो छात्रों को एक ही तरीके से अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं ।**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) B, C, D

(2) A, B, C

(3) A, B, D

(4) A, C, D

80. Which of the following statements is correct in the context of using map in a classroom ?

A. Map is a socio-political construct.
B. From time immemorial, 'North' has always been shown at the top of a map in all socio-political contexts.
C. Map is a three dimensional device whereas we live in a two dimensional world.
D. Map is an aid to develop a 'sense of time' in learners.

Choose the correct option.

(1) A, B and C
(2) Only A
(3) Only B
(4) Only C and D

81. In an effort to connect learning with learner's life, the social science teacher needs to

A. intentionally and explicitly includes diverse cultural perspectives in the subject content.
B. point out the personal and family backgrounds of the learners in the class.
C. give learners opportunity to share their examples and experiences in the class.

Choose the correct option.

(1) Only B is correct.
(2) A and B are correct.
(3) A and C are correct.
(4) B and C are correct.

82. While teaching history, 'genealogy chart' is used to

A. Represent the growth and development of an empire or a dynasty.
B. Show sequence and functional relationships.
C. Provide a chronological framework.
D. Develop a sense of space in learners.

Choose the correct option.

(1) Only C and D are correct.
(2) A, B and C are correct.
(3) A, C and D are correct.
(4) B, C and D are correct.

80. कक्षा में मानचित्र के प्रयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में सही कौन है ?

A. मानचित्र एक सामाजिक-राजनीतिक निर्मिति है ।
B. चिरकाल से 'उत्तर' को सदा सभी सामाजिक-राजनीतिक संदर्भों में मानचित्र में ऊपर दर्शाया गया है ।
C. मानचित्र एक त्रि-आयामी साधन है जबकि हम एक दो-आयामी दुनिया में रहते हैं ।
D. शिक्षार्थियों में 'समय की अवधारणा' को विकसित करने के लिए मानचित्र एक सहायक सामग्री है ।

सही विकल्प का चयन करें :

(1) A, B तथा C
(2) केवल A
(3) केवल B
(4) केवल C तथा D

81. शिक्षार्थियों के जीवन से अधिगम को जोड़ने के प्रयास में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को चाहिए कि :

A. विषय-वस्तु में विविध सांस्कृतिक दृष्टिकोणों को इरादतन (जानबूझकर) एवं सुस्पष्ट शामिल करें ।
B. कक्षा में शिक्षार्थियों को उनके निजी एवं पारिवारिक संदर्भ से चिह्नित करना ।
C. शिक्षार्थियों को अपने उदाहरणों एवं अनुभवों को कक्षा में साझा करने के लिए मौका दे ।

सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल B सही है ।
(2) A तथा B सही हैं ।
(3) A एवं C सही हैं ।
(4) B एवं C सही हैं ।

82. इतिहास पढ़ाते वक्त 'वंशावली चार्ट' का प्रयोग होता है

A. किसी साम्राज्य या वंश के वर्धन एवं विकास को चित्रित करने के लिए ।
B. अनुक्रम एवं प्रकार्यात्मक संबंधों को दर्शाने के लिए ।
C. एक कालक्रमिक रूपरेखा देने के लिए ।
D. शिक्षार्थियों में स्थान की अवधारणा विकसित करने के लिए ।

सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल C तथा D सही हैं ।
(2) A, B तथा C सही हैं ।
(3) A, C तथा D सही हैं ।
(4) B, C तथा D सही हैं ।

83. What adaptations in the teaching -learning process should a social science teacher make while engaging with learners who are visually challenged ?
   - A. Speak clearly and loudly with appropriate pauses and reiterations.
   - B. Use a variety of visually appealing worksheets.
   - C. Give verbal clues to create opportunities to imagine.
   - D. Introduce tactile materials during class room discussions.

   Choose the correct option.
   (1) B, C and D only
   (2) A and B only
   (3) A, C and D only
   (4) B only

84. Consider the statements on project method in social science teaching :
   - A. It is inspired by pragmatic perspective.
   - B. It turns learners into a discoverer.
   - C. It is entirely a teacher-centered method.
   - D. It allows learning through self-directed activity.

   Choose the correct option :
   (1) A, C and D are correct.
   (2) A and B are correct.
   (3) A, B and C are correct.
   (4) A, B and D are correct.

85. A social science teacher willing to enquire with a constructivist perspective would view the learners as
   - A. Curious to explore on social processes.
   - B. Imaginative on the basis of sources.
   - C. Trying to suggest solutions to problems.
   - D. Postponing discussions on controversial issues for higher education level.

   Choose the correct option.
   (1) B, C and D only
   (2) A and B only
   (3) A, B and C only
   (4) A, B and D only

83. दृष्टि बाधित शिक्षार्थियों के साथ कार्य करते समय एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक को किस प्रकार से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अनुकूलन करना चाहिए ?
   - A. यथोचित विराम तथा पुनरावृत्ति के साथ स्पष्ट एवं उच्च आवाज में बोलना ।
   - B. विविध प्रकार के आकर्षक दृश्यों वाले कार्यपत्रों का प्रयोग करना ।
   - C. मौखिक संकेतों द्वारा कल्पना करने के अवसरों को उत्पन्न करना ।
   - D. कक्षा में चर्चा के दौरान 'टेक्टाइल' (स्पर्श करने वाली) सामग्रियों को शामिल करना ।

   सही विकल्प का चयन करें :
   (1) केवल B, C तथा D
   (2) केवल A तथा B
   (3) केवल A, C तथा D
   (4) केवल B

84. सामाजिक विज्ञान शिक्षण में 'प्रोजेक्ट विधि' के कथनों पर विचार करें :
   - A. यह उपयोगितावादी दृष्टिकोण से प्रेरित है ।
   - B. यह शिक्षार्थियों को खोजी बना देता है ।
   - C. यह पूर्णरूपेण एक शिक्षक केन्द्रित विधि है ।
   - D. यह स्व-निर्देशित क्रियाकलापों द्वारा अधिगम को मानती है ।

   सही विकल्प का चयन करें :
   (1) A, C एवं D सही हैं ।
   (2) A एवं B सही हैं ।
   (3) A, B एवं C सही हैं ।
   (4) A, B एवं D सही हैं ।

85. अन्वेषण को इच्छुक रचनात्मक दृष्टिकोण से एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को किस रूप में देखेगी ?
   - A. सामाजिक प्रक्रियाओं में खोज करने को उत्सुक ।
   - B. स्रोतों के आधार पर कल्पनाशील ।
   - C. समस्याओं के समाधान के सुझावों की कोशिश करने वाले ।
   - D. विवादास्पद मुद्दों को उच्चतर शिक्षा के स्तर पर चर्चा करने के लिए स्थगित करने वाले ।

   सही विकल्प का चयन करें :
   (1) केवल B, C एवं D
   (2) केवल A एवं B
   (3) केवल A, B एवं C
   (4) केवल A, B एवं D

86. Which of the following may be helpful towards making social science curriculum more inclusive ?

A. Engendering the curriculum

B. Uniform instructions and a fixed teaching way in classroom.

C. Engaging with different sources – official as well as of subaltern contexts.

D. One exam paper fitting all learners.

Choose the correct option.

(1) B, C and D only

(2) A and B only

(3) A and C only

(4) B and D only

87. Why should students learn to be critical ?

(1) To appreciate uniform, homogeneous perspective.

(2) To point out flaws and being cynical about everything.

(3) To maintain the status quo in society.

(4) To understand how issues are related to their own lives.

88. Select the example that represents diversity from the following examples :

(1) Paritosh known good Bangla; whereas Suchita speakes Hindi.

(2) Saroj got the chance to go to school while Nirmala did not get the chance to go to school.

(3) Allen belongs to a poor family, while Simon's family is very rich.

(4) Raghu does not want to include Suresh in the football team because he comes from a particular community of society.

86. सामाजिक विज्ञान के पाठ्यचर्या को अधिक समावेशी बनाने में निम्न में से कौन सहायक हो सकता है ?

A. पाठ्यचर्या को जेंडर सम्बन्धित मुद्दों से जोड़ना ।

B. कक्षा में एकरूप निर्देश एवं एक निश्चित शिक्षण शैली ।

C. विभिन्न स्रोतों को शामिल करना अधिकारिक एवं निम्नवर्गीय प्रसंगों के ।

D. एक परीक्षापत्र सभी शिक्षार्थियों के लिए ।

सही विकल्प का चयन करें :

(1) केवल B, C एवं D

(2) केवल A एवं B

(3) केवल A एवं C

(4) केवल B एवं D

87. विद्यार्थियों को विवेचनात्मक होना क्यों सीखना चाहिए ?

(1) एकरूप, समशील दृष्टिकोण की कद्र करने के लिए ।

(2) कमियों को इंगित करने के लिए एवं लगभग सभी चीजों पर दोषदर्शी होने के लिए ।

(3) समाज में यथा-स्थिति बनाए रखने के लिए ।

(4) यह समझने के लिए कि मुद्दे उनकी खुद की जिंदगी से कैसे जुड़े हुए हैं ।

88. निम्नलिखित उदाहरणों में से विविधता को दर्शाने वाले उदाहरण का चयन करें :

(1) परितोष को बांग्ला अच्छी आती है, वही सुचिता हिंदी बोलती है ।

(2) सरोज को स्कूल जाने का मौका मिला जबकि निर्मला को स्कूल जाने का मौका नहीं मिला ।

(3) एलेन एक गरीब परिवार से वास्ता रखता है, जबकि साईमन का परिवार बहुत अमीर है ।

(4) रघु सुरेश को फुटबॉल की टीम में शामिल नहीं करना चाहता है क्योंकि वह समाज के एक खास समुदाय से आता है ।

89. A social science excursion trip in a school involved a visit to Ziro, Bombdila, Namdapha National Park, Tawang and Leisang village. On which medium could you ask the students to mark the two states they had visited ?

(1) Nagaland and Tripura on a time line
(2) Mizoram and Meghalaya on a map
(3) Manipur and Sikkim on a timeline
(4) Arunachal Pradesh and Manipur on a map

90. Contemporary understanding of social science pedagogy encourages teachers to do all of the following, <u>except</u> :

(1) Give opportunities to learners to use their knowledge developed in the classroom at concrete situations.
(2) Encourage learners to learn by reading local experiences of others and finding about their own.
(3) Promoting all learners to give identical answers to questions so that all improve.
(4) Appreciate learners ability to make questions on the given subject content and accepting it as a valid test of learning.

89. एक स्कूल के सामाजिक विज्ञान के शैक्षणिक भ्रमण में ज़ीरो, बोमडिला, नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान, तवांग तथा लिसांग गाँव को शामिल किया गया। किस माध्यम से विद्यार्थियों को आप भ्रमण किए गए दो राज्यों को इंगित करने को कहेंगे ?

(1) नागालैंड एवं त्रिपुरा एक समय रेखा पर
(2) मिज़ोरम एवं मेघालय एक मानचित्र पर
(3) मणिपुर एवं सिक्किम एक समय रेखा पर
(4) अरुणाचल प्रदेश एवं मणिपुर एक मानचित्र पर

90. सामाजिक विज्ञान की समसामयिक समझ अध्यापकों को निम्नलिखित सभी को करने को प्रोत्साहित करती है, <u>केवल इसको छोड़कर</u> :

(1) शिक्षार्थियों को कक्षा में विकसित ज्ञान को मूर्त परिस्थितियों में उपयोग करने के लिए अवसर देना।
(2) शिक्षार्थियों को दूसरों के स्थानीय अनुभवों को पढ़ने तथा स्वयं के अनुभवों को खोजने के लिए।
(3) प्रश्नों के समान उत्तर देने के लिए शिक्षार्थियों को प्रोत्साहन देना जिससे कि सभी बेहतर बन सकें।
(4) शिक्षार्थियों को दिए गए विषयवस्तु पर प्रश्न बनाने की क्षमता के लिए प्रशंसा करना तथा उसे अधिगम की जाँच के लिए वैध स्वीकारना।

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 91 – 99) by selecting the correct/most appropriate options :**

Learning a language under any circumstances requires hard work and concentration. However, the circumstances can make a difference in both quality and quantity. Most foreign language students learn in a classroom, from a text-book. In a classroom, language learning can be controlled so that all the necessary structures are taught. Highly motivated students can thus learn the language efficiently and quickly. Learning on the streets and in the markets from experience and need can be effective although the student learns only what he happens to need, in a haphazard way.

Some language students find this real-life situation more meaningful because the students' success in fulfilling their needs depends on their language ability. However, shop-keepers are more likely to be tolerant of incorrect grammar than classroom teachers, so mispronunciations and errors will not matter much. Nevertheless, the rewards are different for the type of language learning situations. They are immediate (goods, bought in a store) in the real-life but delayed until a quiz or oral recital for the classroom learner.

The kind of language learnt in each setting differs too. In the classroom, the student is more likely to learn the grammatical language of educated people. The language learnt out of necessity often lacks the fine details of the classroom variety and might include informal expressions such as slang. The people learning on the street must be easily understood. Therefore, they might actually sound more like native speakers – although not necessarily educated people. So a combination of classroom instruction and the experience of using language in the street will result in the best language learning of all.

91. **'...... in a haphazard way.'**

**The word 'haphazard' means**

(1) proper

(2) dangerous

(3) unorganized

(4) safe

92. **The best place to correctly and quickly learn a foreign language is :**

(1) home.

(2) only the classroom.

(3) only the market place.

(4) both the classroom and the market place.

93. A text-book :

(1) is an inexpensive tool of learning.

(2) controls language learning.

(3) motivates the students.

(4) teaches what a student needs.

94. **Language needs of real-life situations are fulfilled by :**

(1) learning proper pronunciation.

(2) studying text-books carefully.

(3) learning the language structures.

(4) learning on the streets.

95. **Which of the following statements is NOT true ?**

(1) Foreign students learn language mostly from text-books.

(2) Shopkeepers are intolerant of incorrect pronunciation.

(3) Real-life situations are more meaningful for language learning.

(4) Classroom learning can be tested in an oral recital.

96. **Study the following statements :**

(a) **At school one learns the language of educated people.**

(b) **Language learnt on the street includes the use of slang.**

(1) Both (a) and (b) are wrong.

(2) (a) is right and (b) is wrong.

(3) (a) is wrong and (b) is right.

(4) Both (a) and (b) are right.

97. **Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**The kind of language learnt in each setting differs too.**

(1) Preposition

(2) Pronoun

(3) Determiner

(4) Conjunction

98. **Study the following phrase. Which part of speech is the underlined word ?**

**'but delayed until a quiz ...'**

(1) Preposition

(2) Pronoun

(3) Determiner

(4) Conjunction

99. **What does the word 'motivated' mean in the following phrase ?**

**'Highly motivated students can thus .......'**

(1) interested

(2) intelligent

(3) resourceful

(4) muddled

**given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100 – 105) by selecting the correct/most appropriate options :**

Great, wide, beautiful, wonderful world,
With the wonderful water around you curled,
And the wonderful grass upon your breast
World, you are beautifully drest.

The wonderful air is over me,
And the wonderful wind is shaking the tree,
It walks on the water, and whirls the mills,
And talks to itself on the tops of the hills.

You friendly Earth, how far do you go,
With the wheat – fields that nod and the rivers that flow
With cities and gardens, and cliffs and isles,
And people upon you for thousands of miles ?

Ah ! You are so great and I am so small,
I tremble to think of you, world, at all;
And yet when I said my prayers today,
A whisper inside me seemed to say,
'You are more than the Earth, though you are such a dot,
You can love and think, and the Earth cannot !'

**100. The figure of speech used in the phrase 'and whirls the mills' is :**

(1) Personification

(2) Simile

(3) Synecdoche

(4) Onomatopoeia

**101. The beautiful dress worn by the Earth is made of :**

(1) mountains and forests.

(2) mills and the hills.

(3) gardens and wheat-fields.

(4) water and grass.

**102. The cities, gardens, cliffs and isles show that the Earth is :**

(1) well populated

(2) huge

(3) friendly

(4) small

**103. In the extract the poet has compared :**

(1) the Earth with the air.

(2) Man with the Earth.

(3) World with the Earth.

(4) World with the air.

**104. Mood of the speaker in all of these lines is :**

(1) introspective

(2) serious

(3) joyous

(4) sad

**105. The figure of speech used in the first stanza of the extract is :**

(1) Personification

(2) Simile

(3) Synecdoche

(4) Onomatopoeia

**106. Which of the following statements is TRUE of language learning ?**

(1) Every language is different and learning of languages is also discreet.

(2) First language interferes in the learning of second language.

(3) First language supports the learning of second language.

(4) Language learning has nothing to do with content learning.

**107. Multilingualism as a resource in education aims at**

(1) enabling to learn English language for jobs and mother tongue for culture.

(2) making use of languages of learners for teaching-learning.

(3) making learners learn as many languages as possible.

(4) using classical languages for teaching-learning.

**108. A teacher asks her learners to collect words / phrases on various aspects they see and notice in their markets and streets. Later, the learners write the words and phrases according to the category and discuss them in the class. What is this practice known as ?**

(1) Thematic vocabulary learning

(2) Topic words learning

(3) Genre based words

(4) Active vocabulary

**109. What does CLIL stand for ?**

(1) Context for Language Integrated Learning

(2) Content Language Inter Learning

(3) Content and Language based Interesting Learning

(4) Content and Language Integrated Learning

**110. Which of the following statements is correct ?**

(1) Words from other languages are receptive vocabulary and words from native languages are productive vocabulary.

(2) Receptive vocabulary are words we speak and productive vocabulary are words we hear.

(3) Receptive vocabulary are words we recognize when we hear or see and productive vocabulary are words we speak or write.

(4) Receptive vocabulary are words we discourse with people and productive vocabulary are words in written text.

**111. A teacher divides her class into groups of four and reads out a text of about six sentences. Learners listen to and jot down important words and phrases. The teacher reads out the text the second time. Then learners discuss in groups the jotted down words and recreate the text nearer to the one read out by the teacher. What is this task know as ?**

(1) Real Dictation

(2) Composition Dictation

(3) Mutual Dictation

(4) Punctuation Dictation

**112. Intensive reading refers to**

(1) reading a text for someone else.

(2) reading a text for detailed information.

(3) reading a text for pleasure.

(4) reading a text for editing.

113. **Knowing a word means**

(1) to know to write the word.

(2) how, where and when it is used.

(3) how the word is spelt.

(4) who speaks the word.

114. **Which typology of question does the following question belong to ?**

**Imagine you are the narrator of the story. Write an entry in your diary about your experiences in about 100 words.**

(1) Extrapolative question

(2) Informative question

(3) Inferential question

(4) Cloze question

115. **Poetry teaching is _____.**

(1) to write a critical commentary.

(2) to learn words and phrases.

(3) to learn poetic devices.

(4) for enjoyment and appreciation.

116. **Learning outcomes aim at**

(1) ensuring all the competencies are acquired by learners.

(2) output oriented learning

(3) achieving maximum levels of learning

(4) achieving minimum levels of learning

117. **A teacher brings a newspaper to her class VIII students and asks them to find some advertisements. She then asks them to list out how advertisements are designed and what an advertisement contains. What is the newspaper here ?**

(1) Materials for language learning.

(2) For reading.

(3) An instrument of language learning.

(4) A technique of language learning.

118. **National Curriculum Framework 2005 assigns 'supplementary' and 'complimentary' roles to English language. This means that**

(1) English language teaching violates the mother tongue based language education.

(2) English language teaching should support learning of other languages and subjects.

(3) English language teaching has nothing to do with teaching-learning of other languages.

(4) English language teaching is a hindrance to learning of other languages.

119. **A reader uses her prior knowledge, makes semantic cues and syntactic cues then moves to other more specific information. What model of reading the reader here adopts ?**

(1) Whole language model

(2) Bottom up model

(3) Top down model

(4) Interactive model

120. **Drilling is a teaching-learning technique or a strategy in _____.**

(1) Lexical approach

(2) Constructivist language teaching

(3) Structuralism

(4) Communicative learning teaching

# भाग – IV

## भाषा – I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न 91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

हम श्वास द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण करते और कार्बन डाई-ऑक्साइड छोड़ते हैं । ऐसा ही अधिकतर जानवरों, चिड़ियों, रेंगनेवाले जंतुओं, कीड़े-मकोड़ों के द्वारा भी किया जाता है । दूसरी ओर सभी प्रकार की वनस्पतियाँ कार्बन डाई-ऑक्साइड ग्रहण करती और ऑक्सीजन छोड़ती हैं । यदि हवा में लंबे समय तक ऑक्सीजन और कार्बन डाई-ऑक्साइड का अनुपात एक जैसा रहे तब उसका अर्थ होगा कि पौधों और प्राणियों का जीवन एक दूसरे के अस्तित्व के मामले में समान स्तर पर आ जायेगा । लेकिन यदि हम कार्बन डाई-ऑक्साइड का अनुपात वातावरण में बढ़ा दें तब प्रकृति के द्वारा लाखों सालों से बनाकर रखा गया संतुलन बदल जायेगा ।

वातावरण और वनस्पतियाँ कार्बन डाई-ऑक्साइड का लगातार विनिमय करती रहती हैं । वातावरण से वह वनस्पतियों में जाती है । जब वनस्पतियाँ सड़ने लगती हैं तब उनमें से कार्बन डाई-ऑक्साइड निकलकर पुनः वातावरण में समा जाती है । वनस्पतियाँ इस प्रकार कार्बन डाई-ऑक्साइड वसंत और ग्रीष्म ऋतु में ग्रहण करती हैं और जब वे सर्दियों में नष्ट होने लगती हैं तब उसे छोड़ती हैं । इस प्रकार वातावरण में मौजूद कार्बन डाई-ऑक्साइड की मात्रा में मौसम दर मौसम फर्क होता है ।

91. 'विनिमय' का अर्थ है –
(1) आना-जाना
(2) लेना-पहुँचाना
(3) देना-खरीदना
(4) लेना-देना

92. हम साँस के साथ –
(1) कार्बन डाई-ऑक्साइड लेते और ऑक्सीजन छोड़ते हैं ।
(2) ऑक्सीजन छोड़ते और ग्रहण करते हैं ।
(3) ऑक्सीजन लेते और कार्बन डाई-ऑक्साइड छोड़ते हैं ।
(4) कार्बन डाई-ऑक्साइड लेते और छोड़ते हैं ।

93. ऑक्सीजन ग्रहण करने में अधिकांश जीवधारियों का स्वभाव –
(1) विचित्र प्रकार का है ।
(2) मानव से भिन्न है ।
(3) मानव के विपरीत है ।
(4) मानव की तरह है ।

94. वनस्पतियाँ जब सड़ने लगती हैं तो वातावरण को __________ मिलती है ।
(1) जैविक खाद
(2) ऑक्सीजन
(3) नाइट्रोजन
(4) कार्बन डाई-ऑक्साइड

95. पौधों और प्राणियों का जीवन एक-दूसरे के अस्तित्व के समान आ जाएगा, जब हवा में लंबे समय तक __________
(1) वनस्पतियाँ कार्बन डाई-ऑक्साइड का विनिमय करती रहें ।
(2) सूर्य का प्रकाश मिलता रहे ।
(3) कार्बन डाई-ऑक्साइड मिलना बंद हो जाए ।
(4) कार्बन डाई-ऑक्साइड और ऑक्सीजन का अनुपात समान रहे ।

96. 'वातावरण' का विग्रह और समास होगा –
(1) वातावरण रूपी वात – कर्मधारय
(2) वात और आवरण – द्वंद्व
(3) वात का आवरण – तत्पुरुष
(4) वात का बना ऐसा आवरण – बहुव्रीहि

97. 'श्वास' और 'ऑक्सीजन' शब्द हैं –
(1) तत्सम आगत
(2) तत्सम तद्भव
(3) तद्भव देशज
(4) देशज आगत

98. 'लंबे समय तक' पद व्याकरण की दृष्टि से है –
(1) क्रिया-विशेषण
(2) संज्ञा
(3) सर्वनाम
(4) विशेषण

99. गद्यांश का मुख्य विषय है –
(1) वसंत और ग्रीष्म ऋतु में वनस्पतियाँ
(2) ऑक्सीजन और कार्बन डाई-ऑक्साइड का संतुलन
(3) श्वास द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण
(4) पौधों और प्राणियों का जीवन

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 100 से 105 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

वह आता –
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता ।
पेट-पीठ दोनों मिलकर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी-भर दाने को – भूख मिटाने को
मुँह फटी पुरानी झोली को फैलाता –
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता ।

100. काव्यांश से हमारे मन में उठने वाला मुख्य भाव है –
(1) वीरता
(2) शृंगार
(3) हास्य
(4) करुणा

101. 'वह आता' में 'वह' सर्वनाम किसका द्योतक हो सकता है ?
(1) विकलांग
(2) गांधीजी
(3) अतिथि
(4) भिक्षुक

102. 'पेट-पीठ दोनों मिलकर हैं एक' इसका कारण क्या हो सकता है ?
(1) भीख माँगने का नाटक करना ।
(2) सिकुड़कर बैठना ।
(3) झुककर चलना ।
(4) कुछ भी भोजन न करना ।

103. 'कलेजे के दो टूक करना' का आशय है –
(1) कठिनाई पैदा करना ।
(2) टुकड़े-टुकड़े करना ।
(3) मन को कष्ट पहुँचाना ।
(4) दिल की चीर-फाड़ करना ।

104. भिखारी अपनी झोली क्यों फैलाता है ?
(1) अपनी गरीबी के बारे में बताना चाहता है ।
(2) भूख मिटाने के लिए कुछ अन्न चाहता है ।
(3) झोली में कुछ छिपाना चाहता है ।
(4) मुट्ठी-भर अनाज दिखाना चाहता है ।

105. 'मुँह' शब्द में प्रयुक्त चंद्रबिंदु है –
(1) शिरोरेखा
(2) अनुस्वार
(3) अनुनासिक
(4) नासिक्य

106. त्रिभाषा-फार्मूला भारत की ______ की चुनौतियों और ______ को संबोधित करने का एक प्रयास है ।
(1) भाषा-स्थिति, अवसरों
(2) संस्कृति, समाधानों
(3) समस्याओं, अवसरों
(4) भाषा-स्थिति, संस्कृति

107. लिखने की क्षमता का विकास बोलने, सुनने और पढ़ने की क्षमता की संगति में होना चाहिए । यह विचार –
(1) पूर्णतः निराधार है ।
(2) पूर्णतः असत्य है ।
(3) पूर्णतः सत्य है ।
(4) आंशिक रूप से सत्य है ।

108. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने का उद्देश्य है –
(1) निजी अनुभवों को केवल लिखकर अभिव्यक्त करना ।
(2) प्रश्नोत्तरी, भाषण, अन्त्याक्षरी का मात्र आयोजन करना ।
(3) भाषा की बारीकी और सौंदर्यबोध को सही रूप में समझना ।
(4) दूसरों के अनुभवों से जुड़कर सवालों के जवाब देना ।

109. 'ज्ञान से संबंधित अन्य विषयों की समझ का विकास तथा उससे आनंद उठाने की क्षमता का विकास' उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने का –
(1) सबसे कम महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है ।
(2) एकमात्र उद्देश्य है ।
(3) एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है ।
(4) सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है ।

110. पढ़ने का अर्थ है –
(1) शब्दों को पढ़ना
(2) पढ़कर समझना
(3) वर्णमाला का ज्ञान
(4) वाक्यों को पढ़ना

111. कविता में कई बार 'अभी भी' का प्रयोग करके बातें रची गई हैं ... बिना रुके चलने वाले किसी कार्य का भाव निकल रहा है या नहीं ?' प्रश्न ______ की ओर संकेत करता है ।
(1) भाषा-संरचना
(2) व्याकरणिक ज्ञान
(3) भाषा की बारीकी
(4) व्याकरण की परिभाषा

112. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने में पाठ्य-पुस्तक के अतिरिक्त कौन-सी संसाधन सामग्री सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?
(1) समाचार-पत्र
(2) रेडियो नाटक
(3) कविता पाठ
(4) आयु अनुरूप साहित्य

113. गणित, विज्ञान आदि विषयों की कक्षाओं में भी बच्चे भाषा सीखते हैं । यह विचार –

(1) निराधार है ।
(2) पूर्णतः सत्य है ।
(3) पूर्णतः असत्य है ।
(4) आंशिक रूप से सत्य है ।

114. उच्च प्राथमिक स्तर पर पाठ्य-पुस्तकों में हिंदीतर भाषा को ही जगह मिलनी चाहिए ताकि बच्चे

(1) ये सभी ।
(2) भाषा की विभिन्न रंगतों से परिचित हो सकें ।
(3) हिंदीतर भाषी साहित्यकारों से परिचित हो सकें ।
(4) सामाजिक संस्कृति से परिचित हो सकें ।

115. बच्चे भाषा तब बेहतर तरीके से सीखते हैं जब –

(1) परीक्षाओं का आयोजन हो ।
(2) अनेक पाठ्य-पुस्तकें हों ।
(3) भाषा का समृद्ध परिवेश हो ।
(4) सरल साहित्य का चयन हो ।

116. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा-आकलन की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –

(1) लिखित परीक्षा
(2) अवलोकन
(3) जाँच सूची
(4) साक्षात्कार सूची

117. द्वितीय भाषा की पाठ्यचर्या का एक लक्ष्य है – प्राकृतिक भाषा ज्ञान में अर्जित दक्षता के अनुरूप ______ दक्षता प्राप्त करना ।

(1) बुनियादी
(2) उच्च
(3) सर्वोच्च
(4) औसत

118. भाषा के विभिन्न कौशलों को ______ रूप में पढ़ाने की अनुशंसा की जाती है ।

(1) निम्न
(2) क्रमिक
(3) एकीकृत
(4) उच्च

119. व्याकरण शिक्षण की कौन-सी विधि अपेक्षाकृत प्रभावी है ?

(1) पाठ्यपुस्तक विधि
(2) आगमन विधि
(3) निगमन विधि
(4) सूत्र विधि

120. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा की पाठ्य-पुस्तक में 'रक्त और हमारा शरीर' पाठ शामिल करने का विचार ________ से जुड़ा है ।

(1) विज्ञान संबंधी शब्दावली
(2) विषयों की विभिन्न भाषाओं
(3) संपूर्ण पाठ्यचर्या में भाषा
(4) हिंदी भाषा की विभिन्न रंगतों

## PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 121 – 128) that follow by selecting the correct/most appropriate options :**

As science progresses, superstitions ought to grow less. On the whole, that is true. However, it is surprising how superstitions linger on. If we are tempted to look down on savage tribes for holding such ideas, we should remember that even today, among most civilised nations, a great many equally stupid superstitions exist and are believed in by a great many people.

Some people will not sit down thirteen at a table; or will not like to start anything important on a Friday; or refuse to walk under a ladder. Many people buy charms and talismans because they think they will bring them luck. Even in civilised nations today, many laws are made on the basis of principles which are just as much unproved. For instance, it is often held as a principle that white people are by nature superior to people of other colours. The ancient Greeks believed that they were superior to the people of Northern and Western Europe. The only way to see if there is anything in such a principle is to make scientific studies of a number of white and black and brown people under different conditions of life and find out just what they can and cannot achieve.

It is, however, true that the increase of scientifc knowledge does reduce superstition and also baseless guessing and useless arguments and practices. Civilised people do not argue and get angry about what water is composed of. The composition of water is known, and there is no argument about it.

**121. Fill in the blank in the following sentence.**

**_____ is opposite in meaning to the word, 'superior'.**

(1) Lower

(2) Higher

(3) Prior

(4) Inferior

**122. The statement which best sums up the passage is :**

(1) We are very different from the savage nations in our beliefs.

(2) Superstitions disappear with the advancement of science.

(3) Irrational beliefs decline with the advancement of science.

(4) Civilized nations are no less superstitions than the savage tribes.

123. We should not despise the savage tribes because :

(1) we are no less superstitious than they are.

(2) they do not believe in science.

(3) they indulge in useless arguments.

(4) they have stopped being superstitious.

124. Which of the following has a scientific basis for it ?

(1) Fridays are as good as other days.

(2) We should not walk under a ladder.

(3) Number thirteen is inauspicious.

(4) Talismans and charms always bring luck.

125. Who believe in superstitions ?

(1) All tribals and some civilized nations.

(2) All civilised nations.

(3) Only some civilised nations.

(4) Only some tribals.

126. Study the following statements :

(a) Ancient Greeks were superior to other European nations.

(b) Science helps us fight superstitions.

(1) Both (a) and (b) are wrong.

(2) (a) is right and (b) is wrong.

(3) (a) is wrong and (b) is right.

(4) Both (a) and (b) are right.

127. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?

On the whole <u>that</u> is true.

(1) Preposition

(2) Determiner

(3) Pronoun

(4) Conjunction

128. Identify the part of speech of the underlined word in the following sentence.

It is <u>often</u> held that as a principle.

(1) Preposition

(2) Pronoun

(3) Adverb

(4) Adjective

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 129-135) by selecting the correct / most appropriate options.**

If asked, "What matters are related to health i.e. health decisions ?" most of us would answer – hospitals, doctors and pills. Yet we are all making a whole range of decisions about our health which go beyond this limited area of doctors, pills etc. For example, whether or not to smoke, take exercise, wear a seat belt, drive a motor bike, drink alcohol regularly etc. The way we reach decisions and form attitudes about our health is only just beginning to be understood.

The main paradox is why people consistently do things which are known to be very hazardous. Two interesting examples of this are smoking and not wearing seat belts. Addiction makes smokers keep on smoking and whether to wear a seat belt or not is affected by safety considerations. Taken together both these examples show how people reach decisions about their health. Understanding this process is crucial. Only then can we effectively change public attitude towards voluntary activities like smoking.

Smokers run the risk of contracting heart disease, several times more as compared to non-smokers. Even lung cancer. Despite extensive press campaigns which have regularly told smokers and car drivers the grave risks they are running, the number of smokers and non-wearers of seat belts has remained much the same. Although the numbers of deaths from road accidents and smoking are well publicized, they have aroused little public interest.

If we give smokers the real figures of deaths caused by smoking, will it affect their views on the dangers of smoking ? Unfortunately not. Many of the real figures are in the form of probable estimates, and evidence shows that people are very bad at understanding this kind of information.

**129. Smokers run double the risk of <u>contracting</u> heart disease.**
**The word 'contracting' here means**

(1) avoiding
(2) receiving
(3) removing
(4) catching

**130. An example of 'limited area' of health is :**

(1) taking medicines
(2) smoking
(3) taking exercise
(4) wearing a seat belt

**131. Why does a common man choose to wear a seat belt ?**

(1) For fear of the policeman.
(2) There is a law for it.
(3) He wants to protect himself.
(4) It is fitted in the car.

**132. Study the following statements :**

**(a) Though it is very dangerous, some people don't quit smoking.**

**(b) Whether or not to drink alcohol is not a health decision.**

(1) Both (a) and (b) are wrong.
(2) (a) is right and (b) is wrong.
(3) (a) is wrong and (b) is right.
(4) Both (a) and (b) are right.

**133. Which of the following pieces of advice can be easily ignored by the people ?**

(1) Don't drive a motor bike.
(2) Don't smoke.
(3) Wear a seat belt.
(4) Don't drink alcohol.

**134. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**<u>Yet</u>, we are all making a whole range of decisions.**

(1) Preposition
(2) Adverb
(3) Conjunction
(4) Pronoun

**135. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**Understanding <u>this</u> process is crucial.**

(1) Conjunction

(2) Determiner

(3) Preposition

(4) Adverb

**136. Which one of the following makes the communication a cyclic process ?**

(1) Message

(2) Sender

(3) Receiver

(4) Feedback

**137. Top-down process of reading :**

(1) proceeds from bottom to top.

(2) proceeds from whole to part.

(3) proceeds from part to whole.

(4) proceeds from centre to periphery.

**138. A teacher asks her learners to discuss in groups of four, jot down ideas and then develop them in an outline to write a paragraph. Learners then edit the paragraph into a final draft. Which strategy of writing does the teacher follow here ?**

(1) Discussion method

(2) Group work

(3) Process approach

(4) Product approach

**139. Transactional listening**

(1) is interactive by nature.

(2) lays emphasis on conveying information.

(3) lays emphasis on harmonious communication in the social context.

(4) does not require careful attention to details and facts.

**140. CALP stands for**

(1) Comparative Academic Language Proficiency

(2) Cognitively Academic Language Proficiency

(3) Cognitively Advanced Language Proficiency

(4) Competency based Academic Language Proficiency

**141. 'A task' in Task Based Language Learning means ______.**

(1) a task for the teacher for assessing learners language learning.

(2) an activity where the target language is used by the learner for a communicative purpose.

(3) a piece of work designed by the teacher for language teacher.

(4) a text-book exercise to be carried out by learners individuals.

**142. According to National Curriculum Framework 2005, which one of the following is <u>NOT</u> an objective of language teaching-learning ?**

(1) to know the history of languages.

(2) the competence to understand what one hears.

(3) ability to read with comprehension.

(4) effortless expression.

**143. Which one of the following is <u>NOT</u> true of language learning ?**

(1) Language learning needs a context.

(2) Reading is making meaning.

(3) Grammatical rules are important for learning a language.

(4) Language learning takes time.

144. **Which is an effective way of teaching-learning grammar ?**

(1) Teaching through a typical grammar book.

(2) Teaching the rules first followed by examples.

(3) Presenting grammar form in a natural discourse, then explaining how the form is made and used.

(4) Presenting single sentence examples in plenty of ways and then explaining the form.

145. **What status is given to English language in the Indian Constitution ?**

(1) Foreign language

(2) Recognised language

(3) Associate official language

(4) Official language

146. **A language teacher asks learners to write a paragraph on 'scarcity of water'. Learners gather information from science and social science books and other sources before writing. Such task aims at :**

(1) enhancing co-curricular skills.

(2) developing the scientific attitude.

(3) completing the syllabus of other subjects simultaneously.

(4) achieving language learning across the curriculum.

147. **Which one of the following is NOT an assessment tool for language learning ?**

(1) Realia

(2) Observation schedule

(3) Portfolio

(4) Assignment

148. **Teaching a novel is to promote :**

(1) reading to learn vocabulary

(2) reading for pleasure

(3) reading for details

(4) reading to become a writer

149. **Story telling as a strategy in language teaching is aimed at ______.**

(1) testing the memory of learners.

(2) learning the morals.

(3) learning to retell the story.

(4) engaging learners with language.

150. **'Input Hypothesis' refers to**

(1) all the inputs of the school.

(2) the relationship between what the learner is exposed to of a language and language acquisition.

(3) the relationship between what languages the learners know and the languages they are taught.

(4) the relationship among the learner, teacher and the materials.

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – V (प्र.सं. 121 से 150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

हमारे देश में एक ऐसा भी युग था जब नैतिक और आध्यात्मिक विकास ही जीवन का वास्तविक लक्ष्य माना जाता था । अहिंसा की भावना सर्वोपरि थी । आज पूरा जीवन-दर्शन ही बदल गया है । सर्वत्र पैसे की हाय-हाय तथा धन का उपार्जन ही मुख्य ध्येय हो गया है, भले ही धन-उपार्जन के तरीके गलत ही क्यों न हों । इन सबका असर मनुष्य के प्रतिदिन के जीवन पर पड़ रहा है । समाज का वातावरण दूषित हो गया है । इन सबके कारण मानसिक और शारीरिक तनाव-खिंचाव और व्याधियाँ पैदा हो रही हैं ।

आज आदमी धन के पीछे अंधाधुंध दौड़ रहा है । पाँच रुपये मिलने पर दस, दस मिलने पर सौ और सौ मिलने पर हज़ार की लालसा लिए वह इस अंधी दौड़ में शामिल है । इस दौड़ का कोई अंत नहीं । धन की इस दौड़ में सभी पारिवारिक और मानवीय संबंध पीछे छूट गए । व्यक्ति सत्य-असत्य, उचित-अनुचित, न्याय-अन्याय और अपने-पराए के भेद-भाव को भूल गया । उसके पास अपनी पत्नी और संतान के लिए भी समय नहीं । धन के लिए पुत्र का पिता के साथ, बेटी का माँ के साथ और पति का पत्नी के साथ झगड़ा हो रहा है । भाई-भाई के खून का प्यासा है । धन की लालसा व्यक्ति को जघन्य से जघन्य कार्य करने के लिए उकसा रही है । इस लालसा का ही परिणाम है कि जगह-जगह हत्या, लूट, अपहरण और चोरी-डकैती की घटनाएँ बढ़ रही हैं । इस रोगी मनोवृत्ति को बदलने के लिए हमें हर स्तर पर प्रयत्न करने होंगे ।

**121. उस शब्द युग्म को पहचानिए जो शेष से भिन्न हो :**

(1) न्याय – अन्याय
(2) उचित – अनुचित
(3) चोरी – डकैती
(4) सत्य – असत्य

**122. किस दौड़ को अंतहीन माना गया है ?**

(1) अपने-पराए को भुला देने की
(2) आगे बढ़ने की
(3) वास्तविक लक्ष्य पाने की
(4) किसी भी प्रकार धन जोड़ने की

**123. 'धन उपार्जन' में संधि करने पर शब्द बनेगा**

(1) धनोपार्जन
(2) धनुपार्जन
(3) धनोपर्जन
(4) धनूपर्जन

**124. 'आज पूरा जीवन-दर्शन बदल गया है ।'**

**उक्त कथन का आशय है ______**

(1) आज समय बदलने से दिनचर्या बदल गई है ।
(2) आज जीवन में परिवर्तन आ गया है ।
(3) आज जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव आ गया है ।
(4) आज संपूर्ण जीवन बदल गया है ।

**125. प्राचीनकाल में जीवन का वास्तविक लक्ष्य क्या माना गया था ?**

(1) नैतिक और आध्यात्मिक विकास
(2) आध्यात्मिक और सामाजिक विकास
(3) आर्थिक और सामाजिक प्रगति
(4) जीवन-दर्शन में परिवर्तन

126. 'जघन्य' शब्द का अर्थ नहीं है –
   (1) जाँघ से संबंधित
   (2) निंदित
   (3) निकृष्ट
   (4) त्याग देने योग्य

127. हमारे मानवीय संबंध पीछे छूटने का कारण है –
   (1) धन कमाने की विवशता
   (2) धन कमाने की इच्छा
   (3) धन कमाने की लालसा
   (4) धन कमाने की अंधी दौड़

128. मानसिक तनाव की व्याधियों का कारण लेखक ने क्या माना है ?
   (1) चोरी–डकैती की घटनाएँ
   (2) पर्यावरण प्रदूषण
   (3) किसी भी प्रकार धन कमाने की इच्छा
   (4) एक दिन दौड़ते रहना

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 129 से 135 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और शरीर का उचित तालमेल करना सिखाती है । वह शिक्षा जो मानव को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे । यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चा परंतु अनपढ़ मज़दूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है । संसार के सभी वैभव और सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो । हमारे कुछ अधिकार और कर्तव्य भी हैं । शिक्षित व्यक्ति को कर्तव्यों का उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का ।

129. कौन-सा शब्द अन् उपसर्ग से नहीं बना है ?
   (1) अनुपकार
   (2) अनुपम
   (3) अनपढ़
   (4) अनुपयोगी

130. मनुष्य तभी सुखी कहा जा सकता है, जब –
   (1) उसे आत्मिक ज्ञान हो ।
   (2) वह शिक्षित हो ।
   (3) उसके पास सुख के साधन हों ।
   (4) उसे उत्तरदायित्व निभाना आता हो ।

131. 'सुख-साधन' का विग्रह और समास है –
   (1) सुख से सधे जो साधन – कर्मधारय
   (2) सुख और साधन – द्वंद्व
   (3) सुखों के साधन – तत्पुरुष
   (4) सुखों के साधनों का समूह – द्विगु

132. वह अशिक्षित शिक्षित व्यक्ति से अच्छा है जो –
   (1) मस्तिष्क का सही उपयोग करता हो ।
   (2) दयालु और सच्चरित्र हो ।
   (3) गंभीर चिंतन दे ।
   (4) अपने अधिकार जानता हो ।

133. अच्छी शिक्षा की विशेषता नहीं है –
   (1) आत्मिक ज्ञान देना ।
   (2) सच्चरित्र नागरिक बनाना ।
   (3) सुसंस्कृत बनाना ।
   (4) अनुत्तरदायी बनाना ।

134. अधिकारों और कर्तव्यों के विषय में सुशिक्षित व्यक्ति –
(1) इन्हें विशेष महत्त्व नहीं देता ।
(2) अधिकारों की जानकारी रखता है ।
(3) कर्तव्यों के प्रति सचेत रहता है ।
(4) दोनों का बराबर ध्यान रखता है ।

135. 'हमारे कुछ अधिकार और कर्तव्य भी हैं ।' उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार का है ?
(1) मुख्य वाक्य
(2) सरल वाक्य
(3) संयुक्त वाक्य
(4) मिश्र वाक्य

136. वाणी अस्थायी होती है और ______ भाषा की तुलना में काफी तेज़ी से बदलती रहती है ।
(1) पारंपरिक
(2) शास्त्रीय
(3) मौखिक
(4) लिखित

137. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है –
(1) पठित सामग्री को ज्यों का त्यों प्रस्तुत करना ।
(2) पठित सामग्री का तार्किक विश्लेषण करना ।
(3) पठित सामग्री के पक्ष में अपनी बात रखना ।
(4) पठित सामग्री के विरुद्ध अपनी बात रखना ।

138. 'पाठ से तीनों प्रकार की संज्ञाओं के उदाहरण खोजकर लिखिए । अभ्यास प्रश्न ______ का उदाहरण है ।
(1) व्याकरण कंठस्थ करने
(2) संदर्भ में व्याकरण
(3) व्याकरणिक जटिलता
(4) व्याकरण पर अत्यधिक बल

139. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चे की भाषा क्षमता का आकलन करने की दृष्टि से सबसे कमज़ोर प्रश्न है –
(1) दोषों का पर्दाफ़ाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ?
(2) आपके सपनों का भारत कैसा होना चाहिए ? लिखिए ।
(3) समाचार चैनलों के कार्यक्रमों की सार्थकता पर तर्क सहित अपने विचार लिखिए ।
(4) लेखक ने अपने जीवन की किन दो घटनाओं को महत्त्वपूर्ण बताया है ?

140. हिंदी भाषा शिक्षक के रूप में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –
(1) भाषा की परिभाषाओं का याद होना
(2) साहित्यिक लेखन एवं पुरस्कार
(3) भाषा की शिक्षा शास्त्रीय समझ
(4) साहित्यिक संगोष्ठियों में भागीदारी

141. भाषा शिक्षण के संदर्भ में सतत और व्यापक आकलन के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बिंदु है
(1) बच्चों की उच्चारण त्रुटियों पर अत्यधिक ध्यान देना
(2) बच्चों के भाषा-प्रयोग का निरंतर अवलोकन
(3) बच्चों के भाषा-प्रयोग का कक्षायी अवलोकन
(4) बच्चों के पढ़ने-लिखने की कुशलता का अवलोकन

142. आठवीं कक्षा में मुदित पढ़ते समय परेशानी का अनुभव करता है । संभवतः मुदित ______ से ग्रस्त है ।
(1) डिस्लेक्सिया
(2) डिस्केलकुलिया
(3) अफ़ेज़िया
(4) डिस्ग्राफिया

143. प्रारंभिक स्तर पर हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि पाठ –
(1) बच्चों में पढ़ने-लिखने की कुशलता का ही विकास करें ।
(2) बच्चों में साहित्यिक लेखन की क्षमता का ही विकास करें ।
(3) कुछ पूर्वनिर्धारित संदेशों को पहुँचाने के उद्देश्य रखते हों ।
(4) कुछ पूर्वनिर्धारित संदेशों को पहुँचाने के उद्देश्य न रखते हों ।

144. बच्चों में पठन के प्रति रुचि जागृत करने के लिए पाठ्य-पुस्तक के अतिरिक्त ______ सामग्री का विकास किया जा सकता है ।
(1) मूल्यपरक
(2) सरल
(3) पूरक
(4) जटिल

145. 'भाषा की नियमबद्ध प्रवृत्ति को पहचानना और उसका विश्लेषण करना' उच्च प्राथमिक स्तर के भाषा-शिक्षण का एक ______ उद्देश्य है ।
(1) सर्वोपरि
(2) महत्त्वपूर्ण
(3) निरर्थक
(4) कमज़ोर

146. कक्षा आठ के बच्चों की पठन अवबोधन क्षमता का विकास करने में सहायक है –
(1) नाटक का मंचन
(2) पाठ्य-सामग्री को दोहराना
(3) क्लोज़ परीक्षण
(4) लिखित परीक्षा

147. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषा-विकास की दृष्टि से सबसे कम महत्त्वपूर्ण है –
(1) सृजनात्मक लेखन
(2) परिचर्चा
(3) श्रुतलेख
(4) संवाद अदायगी

148. पढ़ने का संबंध ______ से है ।
(1) अर्थ
(2) शुद्धता
(3) तीव्र गति
(4) अक्षर ज्ञान

149. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तकों में अन्य विषयों के पाठों को स्थान देने का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है –
(1) हिंदी की पाठ्य-पुस्तक को समावेशी बनाना ।
(2) दूसरे विषयों का ज्ञान देना ।
(3) विषय की शब्दावली का विकास ।
(4) अन्य विषयों का कार्यभार कम करना ।

150. बच्चों में जन्मजात भाषिक क्षमता होती है । इसका एक शिक्षाशास्त्रीय पक्ष यह है कि पर्याप्त अवसर मिलने पर बच्चा –
(1) सुनना-बोलना जल्दी सीखेगा ।
(2) परिचित भाषा जल्दी सीखेगा ।
(3) नई भाषा आसानी से सीखेगा ।
(4) पढ़ना-लिखना जल्दी सीखेगा ।